PUNJABI BIRADARI MAHA SANGTHAN

# पंजाबी बिरादरी महासंगठन, गुरुग्राम

## जनसेवी कार्यों की सूची

## गठन से लेकर अब तक नौ माह का विवरण:

**सोलर गीजर का सुविधा** - पंजाबी बिरादरी महा बंधवाड़ी स्थित अर्थ सेवियर अनाथालय में रहने वाले लोगों को ठंडे पानी से निजात देने के लिए पंजाबी बिरादरी महा संगठन ने डेढ़-डेढ़ टन के दो सोलर गीजर लगवाए।

**कम्बल वितरण** - प्राइमरी सरकारी विद्यालय में गरीब बच्चों को दो सौ कंबल बांटे।

**जैकेट वितरण** - गरीब श्रमिकों को संबल स्वरूप सौ जैकेट वितरित किए।

**चारा-गुड़ व अन्य सामग्री की सेवा** - पालम विहार गौशाला में गऊमाता के लिए चारा व गुड़ और अन्य सामग्री की सेवा प्रदान की गई।

**खिचड़ी प्रसाद वितरण** - मकर संक्रांति के अवसर पर गुरुग्राम के मंदिरों में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया।

**घी-सामग्री की सेवा** - मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में संगठन द्वारा आर्य समाज मंदिरों में 50 किलो घी सामग्री की सेवा प्रदान की गई।

**वैक्सीनेशन कैम्प** - कोरोना से लड़ाई में सहभागी होकर कई वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया।

**घर-घर मुहीम टीकाकरण** - घर-घर मुहीम टीकाकरण से जन स्वास्थ्य संरक्षण में सहयोग करने की प्रतिबद्धता जताई।

**नि:शुल्क नेत्र जांच व ऑपरेशन शिविर** - जन को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य व डॉ. त्रिलोक आहूजा के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र जांच व ऑपरेशन शिविर लगवाया जिसमें 200 से ज्यादा मरीजों को मुफ्त दवाइयां दी गई व 50 ऑपरेशन नि:शुल्क किए गए।

**दवाइयां व चश्मे का वितरण** - नेत्र जांच शिविरों में 300 मरीजों को दवाइयां व चश्मे नि:शुल्क वितरित किए।

**नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर** - आर्यन हॉस्पिटल के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में लगभग 300 लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला।

**महिला प्रकोष्ठ व युवा प्रकोष्ठ का गठन** - सामाजिक कार्यों में महिला शक्ति व युवा शक्ति की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से महिला प्रकोष्ठ व युवा प्रकोष्ठ का 19 जून को गठन किया गया।

**बोधराज सीकरी**
प्रधान, पंजाबी बिरादरी महा संगठन

**ओमप्रकाश कथूरिया**
वरिष्ठ उपप्रधान, पंजाबी बिरादरी महा संगठन

**राम लाल ग्रोवर**
महासचिव, पंजाबी बिरादरी महा संगठन

PUNJABI BIRADARI MAHA SANGTHAN

# पंजाबी बिरादरी महासंगठन, गुरुग्राम

## जनसेवी कार्यों की सूची

## गठन से लेकर अब तक नौ माह का विवरण:

**नेत्र दवाइयों की व्यवस्था** - निरामया धर्मार्थ चिकित्सालय में प्रति मास आँखों की दवाई संगठन की ओर से मुफ्त मुहैया करवाई जाती है।

**खाद्य सामग्री की सेवा** - स्वामी धर्म देव जी के हरि मंदिर आश्रम पटौदी में सेवा स्वरुप खाद्य सामग्री प्रदान की गई।

**बैसाखी उत्सव का आयोजन** - बैसाखी मिलन समारोह का भव्य व विशाल आयोजन कर समाज में समरसता का संदेश दिया जिसमें स्वामी धर्मदेव जी, पंजाबी सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री, अध्यक्षा महिला आयोग हरियाणा, एवं हरियाणा के दो बोर्डों के अध्यक्ष उपस्थित रहे। मा. मुख्यमंत्री महोदय ने फोन के माध्यम से माइक पर इस कार्यक्रम में पंजाबियों को संबोधित किया।

**25000 पौधों का वितरण** - GSVP के विद्यार्थियों के साथ मिलकर 25000 पौधे लगाए गए जिनको जियोटैगिंग के माध्यम से मैप किया गया ताकि न केवल पौधे लगाए जाए बल्कि उनकी देखभाल भी की जा सके।

**चिकित्सालय का शुभारंभ** - अर्जुन नगर में धर्मार्थ चिकित्सालय का शुभारंभ कर जनसमर्पित किया ताकि लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध हो सके।

**51000 की राशि का अनुदान** - पटौदी स्थित मेंटली रिटार्ड संस्थान को सहयोग स्वरूप **51000 की राशि** का अनुदान पिछले वर्ष किया गया। **इस वर्ष 1 लाख अनुदान राशि मानव सेवा समिति को दी गई।**

**शिक्षा का खर्च वहन** - पंजाबी परिवार की आर्थिक रूप से कमजोर दो गरीब बेटियों की शिक्षा खर्च का वहन संगठन द्वारा किया जाता है।

**रुमाला साहिब की सेवा** - श्री गुरु तेगबहादुर जी के प्रकाश पर्व पर 1.5 लाख रु के रुमाला साहिब की सेवा पानीपत में आयोजित कार्यक्रम में की।

**एम्बुलेंस की सेवा** - श्री दिनेश नागपाल व उनके साथियों द्वारा लोक सेवा हेतु बिरादरी को एम्बुलेंस मुहैया कराई गई जिसकी बुकिंग हो चुकी है।

**बोधराज सीकरी**
प्रधान, पंजाबी बिरादरी महा संगठन

**ओमप्रकाश कथूरिया**
वरिष्ठ उपप्रधान, पंजाबी बिरादरी महा संगठन

**राम लाल ग्रोवर**
महासचिव, पंजाबी बिरादरी महा संगठन

PUNJABI BIRADARI MAHA SANGTHAN

# पंजाबी बिरादरी महासंगठन, गुरुग्राम

## जनसेवी कार्यों की सूची

## गठन से लेकर अब तक नौ माह का विवरण:

**नि:शुल्क योग शिविर** - अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 15 जून से 21 जून तक साप्ताहिक नि:शुल्क योग शिविर का आयोजन पंजाबी बिरादरी महा संगठन और जी.ए.वी इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। एक सप्ताह के लिए नि:शुल्क योग शिविर की व्यवस्था की गई थी लेकिन योग के प्रसार के उद्देश्य से इसे **एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया**।

**नि:शुल्क शो** - विलियम शेक्सपियर का शो जूलियस सीजर कई व्यक्तियों को नि:शुल्क दिखाया गया।

**टीकाकरण मुहिम** - जन स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से 21 मई को पुन: टीकाकरण मुहिम का संचालन संगठन द्वारा शुरू किया गया।

**पंजाबी गरीब व्यक्ति को आर्थिक संबल** : एक पंजाबी गरीब व्यक्ति जो सप्ताह में तीन बार डायलिसिस करवाता है। उसकी कमजोर वित्तीय स्थिति को देखते हुए बिरादरी ने उसको छ: महीने के खर्चे की फ़िलहाल मदद दी है। आगे भी यह मदद जारी रहेगी।

**डेरावाल बिरादरी को आर्थिक संबल** : पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान श्री बोधराज सीकरी और वरिष्ठ उपप्रधान श्री ओमप्रकाश कथूरिया ने मिलकर **2 लाख** रु डेरावाल बिरादरी को सहयोग स्वरूप प्रदान किए।

**आर्य समाज (सेक्टर 7) को आर्थिक संबल** : पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान श्री बोधराज सीकरी और वरिष्ठ उपप्रधान श्री ओमप्रकाश कथूरिया ने मिलकर **2 लाख** रु आर्य समाज (सेक्टर 7) को सहयोग स्वरूप प्रदान किए।

**स्ट्रेंथ लिफ्टिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप** : पंजाबी बिरादरी महा संगठन के सौजन्य से 9वीं स्ट्रेंथ लिफ्टिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप 5 से 10 सितम्बर 2022 किर्गिस्तान में आयोजित की गई। मेडल जीतकर नरेश कुमार व कृष्णा ने पंजाबी बिरादरी का ही नहीं बल्कि देश का नाम रोशन किया।

**कांवड़ सहायता शिविर** : पंजाबी बिरादरी महा संगठन द्वारा प्रथम बार कांवड़ सहायता शिविर की शुरुआत की गई। कांवड़ियों की सहायता के लिए गंगागिरी कुटिया मंदिर, बसई रोड, गुरुग्राम में शिविर लगाकर खानपान व रहने की व्यवस्था कराई गई।

**बोधराज सीकरी**
प्रधान, पंजाबी बिरादरी महा संगठन

**ओमप्रकाश कथूरिया**
वरिष्ठ उपप्रधान, पंजाबी बिरादरी महा संगठन

**राम लाल ग्रोवर**
महासचिव, पंजाबी बिरादरी महा संगठन

PUNJABI BIRADARI MAHA SANGTHAN

# पंजाबी बिरादरी महासंगठन, गुरुग्राम

## जनसेवी कार्यों की सूची

## गठन से लेकर अब तक नौ माह का विवरण:

**नि:शुल्क दवाई का वितरण** - कुटिया मंदिर स्वामी गंगा गिरी महाराज प्रांगण में महिला रोग विशेषज्ञ विशेष सेवा दे रही महिलाओं को फ्री दवाई पंजाबी बिरादरी महासंगठन द्वारा मुहैया कराई गई।

**फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स'**: सन 1990 में हुए कश्मीरी पंडितों के पलायन और नरसंहार पर बनी फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' को बिना किसी जाति या धर्म के भेदभाव के हजारों की संख्या में लोगों को दिखाने का काम संगठन के नेतृत्व में किया गया।

**हरिद्वार तीर्थ यात्रा हेतु नि:शुल्क बस सेवा** - समाज के वृद्ध जनों की सेवा व सुविधा का ख्याल रखते हुए पंजाबी बिरादरी महा संगठन ने बिना जातीय भेदभाव के बुजुर्गों के लिए एसी बस से हरिद्वार तीर्थ यात्रा का पुण्य काम शुरू किया। इस यात्रा में रहने, खाने, परिवहन की सुविधा का पूरा इंतजाम संगठन द्वारा ही किया गया।

**विशाल रक्तदान शिविर** - पंजाबी बिरादरी महा संगठन ने रोटरी क्लब, गुरुग्राम के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन चोटी पंचायत भवन, मदनपुरी में किया।

**छबील और भै आलू प्रसाद वितरण** - निर्जला एकादशी के अवसर पर पंजाबी बिरादरी महासंगठन द्वारा "छबील और आलू प्रसाद वितरण" विभिन्न मंदिरों व पब्लिक स्थानों पर किया गया।

**नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर** - पंजाबी बिरादरी महा संगठन, महिला प्रकोष्ठ व जी.ए.वी इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त प्रयास से नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर के साथ-साथ नि:शुल्क दवाई एवं चश्मे के वितरण की भी व्यवस्था की गई।

**सदस्यता अभियान** - लगभग तीन हज़ार सदस्य संगठन के अभी तक बन चुके हैं और दो महीने में दस हज़ार और सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह प्रोजेक्ट दस अक्टूबर से प्रारंभ होकर दस दिसंबर तक पूरा हो जाएगा।।

**आधार कार्ड कैम्प** : आर्य समाज मंदिर 7 एक्सटेंशन में समय-समय पर आधार कार्ड वोटर कार्ड एवं अन्य जनसामान्य सेवाओं से सबंधित कैंप लगाए जाते हैं।

**वृक्षारोपण की पहल** : हीरो मोटोकॉर्प, हीरो चौक, गुरुग्राम कार्यालय में 'हर व्यक्ति द्वारा एक पौधे का अपनाना एवं पालना करना' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**बोधराज सीकरी**
प्रधान, पंजाबी बिरादरी महा संगठन

**ओमप्रकाश कथूरिया**
वरिष्ठ उपप्रधान, पंजाबी बिरादरी महा संगठन

**राम लाल ग्रोवर**
महासचिव, पंजाबी बिरादरी महा संगठन

PUNJABI BIRADARI MAHA SANGTHAN

# पंजाबी बिरादरी महासंगठन, गुरुग्राम

## जनसेवी कार्यों की सूची

## गठन से लेकर अब तक नौ माह का विवरण:

**महिला प्रकोष्ठ द्वारा सत्संग कार्यक्रम का आयोजन करवाना :** पंजाबी बिरादरी महा संगठन द्वारा गठित महिला प्रकोष्ठ ने धार्मिक भावना के प्रसार हेतु पहला सत्संग कृष्णा कालोनी गली नंबर 7 में किया। जिसमें दो सौ से अधिक महिलाओं ने भक्ति रस में डुबकी लगाई।

**दृष्टि रथ :** महा मंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज की उपस्थिति में प्रधान श्री बोधराज सीकरी के माध्यम से जापानी भारतीय कंपनी स्वम टोयल द्वारा निरामया धर्मार्थ ट्रस्ट को दिए गए "दृष्टि रथ" का शुभारम्भ किया गया।

**ब्लड डोनेशन के लिए पाँच काउच दिए :** रक्तदान सेवा को सुविधाजनक बनाने हेतु पंजाबी बिरादरी महा संगठन द्वारा पांच काउच सिविल हॉस्पिटल के ब्लड बैंक को दिए गए।

**विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस का भव्य आयोजन:** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, हर वर्ष मनाने की ऐतिहासिक घोषणा के तहत प्रथम वर्ष का आयोजन पूरे हरियाणा में किया गया। जिसमें 1947 के विभाजन की उन महान विभूतियों की याद में यादगार आयोजन किया गया जिनके दर्द की दास्तां इतिहास के पन्नों पर दर्ज हुए बिना रह गई थी।

**मेमोग्राफी टेस्ट :** महिलाओं के ब्रेस्ट कैंसर की जांच के लिए निशुल्क मैमोग्राफी जांच कैंप लगाया गया।

**बिरादरी के लिए 2400 वर्ग गज जमीन** खरीदने के लिए आवेदन किया गया।

**वैन की व्यवस्था :** मोबाइल आई-चेकअप के लिए वैन की व्यवस्था पंजाबी बिरादरी संगठन द्वारा की गई।

**हर घर तिरंगा :** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत संगठन द्वारा घर-घर जाकर तिरंगा बांटे गए।

**40,000 पौधों का वितरण :** 40000 पौधे D.P.S.G विद्यालय के छात्रों के सहयोग से संगठन द्वारा वितरित किए गए।

**बोधराज सीकरी**
प्रधान, पंजाबी बिरादरी महा संगठन

**ओमप्रकाश कथूरिया**
वरिष्ठ उपप्रधान, पंजाबी बिरादरी महा संगठन

**राम लाल ग्रोवर**
महासचिव, पंजाबी बिरादरी महा संगठन

PUNJABI BIRADARI MAHA SANGTHAN

# पंजाबी बिरादरी महासंगठन, गुरुग्राम

## जनसेवी कार्यों की सूची

## गठन से लेकर अब तक नौ माह का विवरण:

### प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म उत्सव के सेवा पखवाड़े में सहयोग

**टीकाकरण केंद्र में जागरूकता अभियान :** सेवा पखवाड़ा के तहत पंजाबी बिरादरी ने अपने 10 सामाजिक प्रोजेक्ट का शुभारंभ सुशांत लोक के टीकाकरण केंद्र से किया जहां सरकार और भाजपा संगठन की उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

**विविधता में एकता उत्सव :** महा संगठन ने सेवा पखवाड़ा के तहत गुरुग्राम के शिवाजी नगर नरेश चावला जी के निवास पर विविधता में एकता उत्सव मनाया जिसमें तमिल वस्त्र पहने गए और तमिल व्यंजन की व्यवस्था की गई और इसमें स्वामी धर्मदेव जी की गरिमामयी उपस्थिति रही और उनका आशीर्वाद प्राप्त हुआ और जिला अध्यक्ष श्रीमती गार्गी कक्कड़ जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**हाईटेक ट्राई साइकिल वितरण :** सेवा पखवाड़ा के तहत दिव्यांग जन को कृत्रिम अंग व उपकरणों के वितरण कार्यक्रम के तहत हाईटेक ट्राई साइकिल दी गई।

**रक्तदान शिविर :**सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर आर्य समाज सेक्टर 7 में लगाया गया।

**नि:शुल्क हेल्थ कैम्प :** सेवा पखवाड़ा के तहत पंजाबी बिरादरी महा संगठन ने स्वास्थ्य विभाग गुरुग्राम के सहयोग से नि:शुल्क हेल्थ कैम्प का आयोजन गीता कॉलोनी, न्यू कॉलोनी में किया।

**पौधारोपण:** सेवा पखवाड़ा के तहत पंजाबी बिरादरी महा संगठन गुरुग्राम ने जगह-जगह पौधारोपण किया। सेवा पखवाड़ा के तहत पंजाबी बिरादरी महा संगठन गुरुग्राम ने लोगों को पौधे वितरित किए।

**जल संयंत्र वितरण :** सेवा पखवाड़ा के तहत पंजाबी बिरादरी महा संगठन ने जल संयंत्र का वितरण किया ताकि जल का संरक्षण किया जा सके।

**टी.बी जागरूकता अभियान :** सेवा पखवाड़ा के तहत पंजाबी बिरादरी महासंगठन ने लोगों को टी.बी की रोकथाम व इलाज के बारे में बताया।

**नि:शुल्क शिक्षा केंद्र :** पंजाबी बिरादरी महा संगठन, आर्य समाज सेक्टर 7, एक्सटेंशन और रामानुजम शिक्षण संस्थान के संयुक्त प्रयास से 9वीं से 12वीं तक नि:शुल्क शिक्षा केंद्र स्थापित किया जिसका श्री गणेश 2-10-2022 को किया गया।

**बोधराज सीकरी**
प्रधान, पंजाबी बिरादरी महा संगठन

**ओमप्रकाश कथूरिया**
वरिष्ठ उपप्रधान, पंजाबी बिरादरी महा संगठन

**राम लाल ग्रोवर**
महासचिव, पंजाबी बिरादरी महा संगठन

PUNJABI BIRADARI
MAHA SANGTHAN

# पंजाबी बिरादरी महासंगठन, गुरुग्राम

## जनसेवी कार्यों की सूची

## गठन से लेकर अब तक नौ माह का विवरण:

**एनीमिया मुक्त व टी.बी मुक्त हरियाणा कार्यक्रम :** एनीमिया मुक्त व टी.बी मुक्त हरियाणा के कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग व आर्य विद्या सेक्टर 7 में कैंप का आयोजन किया गया।

**बूस्टर डोज़ की व्यवस्था :** टीकाकरण केंद्रों पर बूस्टर डोज़ की व्यवस्था पंजाबी बिरादरी महा संगठन द्वारा की गई।

## भविष्य की योजनाएं :

- वेलनेस सेंटर बनाया जाएगा। जिसमें बेहतर नि:शुल्क इलाज की सुविधा दी जाएगी।
- पंजाबी भवन का निर्माण किया जाएगा।
- युवा पीढ़ी को नशों से दूर रहने के लिए अभियान चलाए जाएंगे।
- मोबाइल ऐप के माध्यम से बिरादरी द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जा रहे कार्यों, अभियानों से जोड़ा जाएगा।
- पंजाबी बिरादरी की मैट्रिमोनियल वेबसाइट लॉन्च की जाएगी।
- पंजाबी बिरादरी महा संगठन के 50 आर्थिक कमजोर सदस्यों का हर साल 300000 तक का बीमा मुफ्त करवाया जाएगा।
- पंजाबी बिरादरी सदस्यता अभियान के तहत घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी और उन समस्याओं को यथासंभव दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

**बोधराज सीकरी**
प्रधान, पंजाबी बिरादरी महा संगठन

**ओमप्रकाश कथूरिया**
वरिष्ठ उपप्रधान, पंजाबी बिरादरी महा संगठन

**राम लाल ग्रोवर**
महासचिव, पंजाबी बिरादरी महा संगठन

# पंजाबी बिरादरी महासंगठन, गुरुग्राम

सोच - सेवा, सच्चाई एवं समाज की...

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस






## पौधारोपण कार्यक्रम

## पौधों का वितरण






## कैंडल मार्च

## छबील एवं प्रसाद वितरण






## रक्तदान शिविर

# पंजाबी बिरादरी महासंगठन, गुरुग्राम

सोच - सेवा, सच्चाई एवं समाज की...

## नि:शुल्क योग शिविर






## 25000 पौधों का वितरण

## पौधे का वितरण






## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

## टीकाकरण केंद्र में जागरूकता





## विविधता में एकता उत्सव